हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 26 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कल्पक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर को चालू करने में सफलता हासिल करने पर देश के परमाणु वैज्ञानिकों की सराहना की है।

आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि परमाणु ऊर्जा यात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से भारत का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह परमाणु सयंत्र पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बना है और ब्रीडर रिएक्टर बिजली उत्पादन के अलावा भविष्य के लिए ईंधन का नया विकल्प भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश की पवन ऊर्जा उत्पादन क्षमता अब 56 गीगावाट से अधिक हो गई है। पिछले वर्ष ही इसमें लगभग 6 गीगावाट की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत पवन ऊर्जा के क्षेत्र में चौथे स्थान पर है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत के विकास के लिए सौर और पवन ऊर्जा आवश्यक हैं तथा युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बचाने और स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मौजूदा जनगणना अभियान विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान है और हर देशवासी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। श्री मोदी ने बताया कि जनगणना के लिए सभी जानकारी डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। जनगणना प्रक्रिया को आसान बनाया गया है ताकि लोग अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकें।

****

यह सुविधा जनगणना करने वाले कर्मचारियों के आने से 15 दिन पहले तक मिलेगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मोबाइल या ई-मेल पर एक विशेष आईडी दी जाएगी जिसे दिखाकर जानकारी सत्यापित की जा सकेगी। श्री मोदी ने कहा कि जिन राज्यों में स्व-जनगणना पूरी हो चुकी है, वहां जनगणना कर्मियों ने घरों की गणना शुरू कर दी है। अब तक लगभग एक करोड़ बीस लाख मकानों की सूची तैयार की जा चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि जनगणना प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आश्वस्त दिया कि नागरिकों की जानकारी गोपनीय रहेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में प्रकृति संरक्षण की कई प्रेरणादायक कहानियां सामने आई हैं। उन्होंने कच्छ के रण का जिक्र किया, जहां मानसून खत्म होते ही हर साल लाखों राजहंस आते हैं। श्री मोदी ने बताया कि इस दौरान पूरा इलाका गुलाबी हो जाता है, इसलिए इसे 'फ्लेमिंगो सिटी' कहा जाता है। उन्होंने बताया कि कच्छ के लोग इन्हें 'लाखा जी की बाराती' कहते हैं।

श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र का भी जिक्र किया, जहां फसल कटाई के मौसम में हाथियों के झुंड गांवों के पास आ जाते हैं। इससे संघर्ष का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन उत्तर प्रदेश में अब "गज मित्र" जैसे प्रयास शुरू हो गए हैं जिसके तहत ग्रामीण खुद हाथियों की निगरानी के लिए टीम बनाते हैं और समय रहते लोगों को सतर्क करते हैं। इससे संघर्ष कम हो रहा है और जनता का विश्वास बढ़ रहा है।

....

भारतीय जनता पार्टी ने पंचकूला , अंबाला , सोनीपत नगर निगम चुनाव में महापौर पद के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है , प्रदेश महामंत्री सुरेंदर पुनिया द्वारा जारी पत्र के अनुसार पंचकूला से श्री श्याम लाल बंसल ,अंबाला से अक्षिता सैनी और सोनीपत से श्री राजीव जैन को महापौर पद का प्रत्याशी घोषित किया है ।

अंबाला नगर निगम से महापौर पद की प्रतियाशी अक्षिता सैनी का परिवार कई दशकों से जन संघ एवं भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है , उनके पिता श्री स्वर्ण सिंह सैनी वर्तमान में मण्डल उपाध्यक्ष के रूप में सेवाये दे रहे हैं। इस बीच पार्टी ने पंचकुला और अंबाला नगर निगम के सभी 20 वार्ड से भी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं ।

भाजपा ने रेवाड़ी नगर परिषद से प्रधान पद के लिए श्रीमति विनीता पीपल , धारूहेड़ा नगर पालिका से अजय जांगड़ा और सांपला नगर पालिका से प्रवीण

कोच को उम्मीदवार बनाया है । भाजपा ने रेवाड़ी और सांपला नगर पालिका के सभी वार्ड से भी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं ।

****
****

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि बीटिंग रिट्रीट गणतंत्र दिवस समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह समारोह विभिन्न बैंडों की विविध संगीत परंपराओं को प्रदर्शित करता है। श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय संगीत का समावेश बढ़ा है, जिसे देशभर के लोग पसंद कर रहे हैं। इस वर्ष का बीटिंग रिट्रीट समारोह भी यादगार रहा, जिसमें वायुसेना, सेना, नौसेना और सीएपीएफ बैंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीटिंग रिट्रीट की भव्य संरचनाएं सभी का ध्यान आकर्षित करती हैं।

****
****